नव भारत
1934 से


5 टेक पार्क युवाओं के लिए नए अवसर : शाह



6 कैसे लागू होगा 'जी राम जी' कानून


7 टॉप कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटा


11 स्वितोलिना ने तीसरी बार जीता रोम खिताब

# नीदरलैंड-स्वीडन से समझौते

**नई दिल्ली, 17 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 दिवसीय विदेश दौरे के तीसरे दिन स्वीडन पहुंचे. एयरपोर्ट पर स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।**

इससे पहले 16-17 मई 2026 को नीदरलैंड की आधिकारिक यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा देते हुए भारत-नीदरलैंड रिश्तों को 'रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक पहुंचाने का फैसला किया। प्रधानमंत्री मोदी और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटन के बीच व्यापक वार्ता हुई. 17 महत्वपूर्ण समझौते किए गए। इस ऐतिहासिक दौरे में नीदरलैंड द्वारा भारत को 1000 साल पुरानी चोल युग की तांबे की प्लेटें भी लौटाई गईं। पीएम मोदी की यात्रा का उद्देश्य भारत और स्वीडन के बीच सहयोग को नई दिशा देना है। दोनों देशों के बीच व्यापार, तकनीक, ग्रीन ट्रांजिशन, स्टार्टअप, और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत करने पर जोर रहेगा। यह भारत और स्वीडन के बीच बढ़ते रणनीतिक और कूटनीतिक संबंधों का प्रतीक माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक सहयोग को और गहरा करने का अवसर प्रदान करेगी।



### सेमीकंडक्टर और उभरती तकनीकों में बड़ा सहयोग

प्रधानमंत्री मोदी और पीएम जेटन ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग को भविष्य की रणनीतिक साझेदारी का अहम स्तंभ बताया. दोनों देशों ने सेमीकंडक्टर और उभरती तकनीकों पर समझौता ज्ञापन का स्वागत किया. धोलेरा में भारत के पहले फ्रंट-एंड सेमीकंडक्टर फैब के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और एएसएमएल के बीच हुए समझौते को दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक कदम बताया.

### उच्चस्तरीय वार्ता में कई अहम मुद्दों पर चर्चा

प्रधानमंत्री मोदी और स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के बीच होने वाली वार्ता में भारत-स्वीडन संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। इसमें रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष सहयोग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जलवायु परिवर्तन, स्टार्टअप इकोसिस्टम और आपूर्ति श्रृंखला जैसे विषय शामिल होंगे।

## एक नजर में



### मितेंद्र दर्शन सिंह बने यूपी के प्रभारी

**ग्वालियर.** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं युवा नेता मितेंद्र दर्शन सिंह को संगठन द्वारा एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए असम के बाद अब उत्तर प्रदेश (मध्य) का प्रभारी नियुक्त किया गया है. गौरतलब है कि मितेंद्र दर्शन सिंह यादव इससे पूर्व भी पांच राज्यों के प्रभारी के रूप में अपनी संगठनात्मक क्षमता एवं नेतृत्व कौशल का परिचय दे चुके हैं.

### सनातन धर्म पर टिप्पणी का मामला सुको पहुंचा

**नई दिल्ली.** तमिलनाडु के नेता विपक्ष उदयनिधि स्टालिन की मुश्किलें बढ़ गई हैं, क्योंकि उनके सनातन धर्म को लेकर बयान का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है. डीएमके विधायक ने विधानसभा में कहा था कि जाति व्यवस्था को खत्म किया जाना चाहिए, जिसे कुछ लोगों ने सनातन धर्म को खत्म करने वाली टिप्पणी के रूप में देखा. मामले की गंभीरता को देखते हुए वकील अमिता सचदेवा ने अवमानना याचिका दायर की है.

### अंडमान-निकोबार में पहुंचा मॉनसून

**नई दिल्ली.** मौसम विभाग ने दक्षिण-पश्चिम मॉनसून को लेकर अपडेट जारी किया है। 16 मई को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के कई हिस्सों में मॉनसून प्रवेश कर गया है। इसके बाद अब केरल में यह 26 मई तक पहुंचने की संभावना है, जो आमतौर पर 1 जून होती है। तमिलनाडु में 1 जून तक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में 10 जून के आसपास मध्य प्रदेश में 15 से 20 जून के बीच पहुंचेगा. मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार समय से पहले मॉनसून आने की वजह से भारत के कई हिस्सों में बारिश का चक्र जल्दी शुरू हो सकता है।



## राजधानी एक्सप्रेस में आग से 2 कोच जलकर खाक

- एसी कोच से यात्रियों ने कूदकर बचाई जान
- यात्रियों के बीच चीख-पुकार जैसे बने हालात

**रतलाम, 17 मई. राजधानी एक्सप्रेस के 2 कोच में उस समय हड़कंप मच गया जब 2 डिब्बों में भीषण आग लग गई. बी-1 एसी कोच से शुरू हुई आग में 2 डिब्बे जल गए, जबकि रेल प्रशासन ने 68 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया. इस दौरान दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग प्रभावित रहा.**

आलोट-विक्रमगढ़ रेलवे स्टेशन के पास रविवार सुबह 5-30 बजे राजधानी एक्सप्रेस में अचानक आग लग गई थी इस भीषण आग ने रेल प्रशासन में हड़कंप मचा दिया था. त्रिवेंद्रम से हजरत निजामुद्दीन जा रही राजधानी एक्सप्रेस (12431) के बी-1 एसी कोच से उठीं लपटों ने देखते ही देखते दो डिब्बों को अपनी चपेट में ले लिया था. घटना के दौरान ट्रेन में सवार यात्रियों के बीच चीख-पुकार और भगदड़ जैसे हालात बन गए थे, हालांकि समय रहते 68 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था. बताया जा रहा है कि ट्रेन रतलाम से रवाना होने के कुछ समय बाद ही बी-1 कोच में धुआं उठता दिखाई दिया था.

( शेष पेज 2 पर )

### रेलवे प्रशासन की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

रेलवे कर्मचारियों और स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए प्रभावित कोचों में मौजूद करीब 68 यात्रियों को तुरंत बाहर निकालकर दूसरे डिब्बों में शिफ्ट किया. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और रेलवे राहत दल मौके पर पहुंच गए. काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया!

## एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल फिर विवाद में

**निजी यात्रा और लग्जरी कॉन्सर्ट ने बढ़ाया आलोचना**

**काश पटेल और गलफ्रेंड ने प्राइवेट कॉन्सर्ट एंजॉय किया**

**वॉशिंगटन, अमेरिका. एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल फिर आलोचनाओं के घेरे में हैं. इस बार विवाद उनकी कथित लग्ज़री लाइफस्टाइल और सरकारी संसाधनों के निजी उपयोग को लेकर खड़ा हुआ है.**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 10 मई 2025 को पटेल अपनी गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किंस के साथ एफबीआई के गल्फस्ट्रीम-वी जेट से वॉशिंगटन से फिलाडेल्फिया पहुंचे. सूत्रों ने बताया कि यह यात्रा आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान हुई थी, लेकिन दोनों ने इसमें निजी पल बिताए. वहां उन्होंने मशहूर कंट्री म्यूजिक स्टार्स जॉर्ज स्ट्रेट और क्रिस स्टेपलटन का कॉन्सर्ट देखा. रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों ने लगभग 35 हजार से 50 हजार डॉलर कीमत के प्राइवेट सूट से शो का आनंद लिया.

## यूएई न्यूक्लियर प्लांट पर ड्रोन हमला

- बराकाह संयंत्र के बाहर आग, रेडिएशन सुरक्षित
- पूरे अरब क्षेत्र का पहला कमर्शियल न्यूक्लियर प्लांट

**तेहरान/अबू धाबी/नई दिल्ली, 17 मई. यूएई के अल धफरा इलाके में बराकाह न्यूक्लियर प्लांट के बाहर ड्रोन हमला हुआ है। हमले के कारण एक बिजली जनरेटर में आग लगी, लेकिन संयंत्र की सुरक्षा और रेडिएशन स्तर पर कोई असर नहीं पड़ा.**

अधिकारियों ने पुष्टि की कि सभी महत्वपूर्ण मशीनें और सिस्टम सामान्य रूप से काम कर रहे हैं. एक रिपोर्ट में बताया गया कि हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन या देश ने नहीं ली, लेकिन ईरान पर शक जताया जा रहा है. ईरान ने हाल ही में लगातार यूएई को धमकी दी है, और युद्ध के दौरान यूएई में इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम और अमेरिकी सैनिक तैनात हैं इसी बीच, भारत की तरफ एक और एलपीजी टैंकर सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर गुजरात के कांडला पोर्ट पहुंचा. मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला जहाज 'सिमी' 20 हजार टन एलपीजी लेकर आया। जंग शुरू होने के बाद अब तक 15 एलपीजी जहाज भारत पहुँच चुके हैं. 'सिमी' ने 13 मई को होर्मुज पार किया था. इसके अलावा, जहाज 'एमवी सनशाइन' भी हाल ही में सुरक्षित रूप से भारत पहुँचा। बराकाह न्यूक्लियर संयंत्र, जिसे दक्षिण कोरिया की मदद से लगभग 20 अरब डॉलर की लागत से बनाया गया, पूरे अरब क्षेत्र का पहला कमर्शियल न्यूक्लियर प्लांट है। 2020 में शुरू हुए इस प्लांट से यूएई की लगभग एक चौथाई बिजली की जरूरत पूरी होती है।

## झांसा देकर 7 .23 लाख ठगे

नव भारत न्यूज

**इंदौर. 17 मई. शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा दिलाने का लालच देकर 7.23 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए रकम अपने खाते में डलवाई और बाद में संपर्क तोड़ दिया. पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

कनाड़िया थाना क्षेत्र के मानवता नगर निवासी एक कैफे संचालक ने शिकायत दर्ज कराई है. उसने बताया कि उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के रायबरेली निवासी एक युवक से हुई थी, जिसने खुद को शेयर मार्केट का जानकार बताकर निवेश का प्रस्ताव दिया.

आरोपी ने मोबाइल एप के माध्यम से निवेश करने पर कम समय में कई गुना रिटर्न का भरोसा दिलाया. झांसे में आकर फरियादी ने अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच अलग अलग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए 7 लाख 23 हजार रुपए आरोपी के खाते में ट्रांसफर कर दिए. हर बार आरोपी स्क्रीनशॉट और रसीद भेजकर भरोसा बनाए रखता रहा.

## सतीशन आज लेंगे शपथ

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, 17 मई. केरल में सोमवार सुबह 10 बजे नई यूडीएफ सरकार का शपथ ग्रहण होने जा रहा है. पार्टी नेता वीडी सतीशन ने राज्यपाल को मंत्रियों की 20 नामों की सूची सौंप दी है. इसमें अपना नाम जोड़ने के बाद कुल 21 मंत्री शपथ ग्रहण करेंगे.**




यह करीब 60 साल बाद का पहला मौका है जब पूरा यूडीएफ मंत्रिमंडल एक साथ शपथ लेगा। कांग्रेस को सबसे अधिक मंत्री पद मिले हैं. वीडी सतीशन, रमेश चेन्निथला, मुरलीधरन, सनी जोसेफ, बिंदु कृष्णा, एपी अनिल कुमार, पीसी विष्णुनाथ, एम लिजू, रोजी एम जॉन, टी सिद्दीक, ओजे जनीश और केए तुलसी. इसके अलावा आईयूएमएल से पीके कुन्हालीकुट्टी, पीके बशीर, एन शम्सुद्दीन, केएम शाजी, वीई अब्दुल गफूर, आरएसपी से शिबू बेबी जॉन, केरल कांग्रेस (जैकब) से अनूप जैकब और सीएमपी से सीपी जॉन मंत्रिमंडल में शामिल होंगे.

## 25 मई को 131 हस्तियां होंगी सम्मानित

**नई दिल्ली, 17 मई. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 मई को राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रविवार को इसकी जानकारी दी. समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 131 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा.**

इस वर्ष घोषित पुरस्कारों में 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं.


रोहित शर्मा


हरमनप्रीत कौर


अलका यागिनक

उत्कृष्ट योगदान देने वाली कई नामचीन हस्तियों और अनसंग हीरोज को पद्म सम्मान देने की घोषणा की है. क्रिकेटर रोहित शर्मा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, अभिनेता आर माधवन, दिवंगत अभिनेता सतीश शाह, हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा. ( शेष पेज 2 पर )

## होर्मुज से 20000 टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचा जहाज

**नई दिल्ली, 17 मई. वैश्विक गैस-तेल संकट के बीच भारत के लिए यह खुशखबरी है 20000 टन एलपीजी लेकर भारत पहूंचा. मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला एलपीजी मालवाहक जहाज सिमी रविवार को दीनदयाल बंदरगाह पर सफलतापूर्वक पहुंच गया है। यह जहाज पश्चिम एशिया में पिछले 75 दिनों से जारी युद्ध की वजह से यह समुद्री मार्ग फिलहाल बेहद असुरक्षित बना हुआ था आखिरकार सारे चुनौतियों के बाद एलपीजी जहाज भारत पहूंचने में सफल रही.**



जहाज ट्रैकिंग डेटा और यूरोपीय संघ के सेंटिनल-2 उपग्रह की तस्वीरों से पुष्टि हुई है कि यह टैंकर पूरी तरह से तेल से लदा हुआ है और ओमान की खाड़ी से गुजर चुका है। इस साल पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों की संख्या में भारी गिरावट आई थी। शुक्रवार को दोनों दिशाओं में केवल पांच जहाज ही गुजर सके थे, जबकि युद्ध से पहले यह संख्या काफी अधिक थी। हाल के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार सुबह तक मामूली सुधार देखने को मिला, जिसमें छह जहाज जलडमरूमध्य से गुजरते दिखाई दिए। भारत के लिए यह टैंकर विशेष महत्व रखता है क्योंकि इससे पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति में किसी तरह की कमी नहीं होगी। पिछले हफ्तों में विश्व ऊर्जा बाजार और ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित हुआ था। ईरान की ओर से होर्मुज पर दबाव बनाए जाने के बावजूद भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा। इस क्षेत्र में अमेरिका ने 75 व्यावसायिक जहाजों के मार्ग बदल दिए हैं, लेकिन 'करोलोस' सुरक्षित रूप से आगे बढ़ रहा है। इसके अलावा, 'किआरा-रू' और अन्य एलपीजी कैरियर भी पर्शियन गल्फ से गुजर चुके हैं। ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम में हस्तक्षेप के कारण वास्तविक जहाज गतिविधियों की पुष्टि कठिन हुई है, लेकिन ट्रैकिंग डेटा से भारत के लिए पर्याप्त तेल पहुंचने की जानकारी मिली है।

